(73)

# बिहार सरकार
## कृषि विभाग

पत्र सं०– 707 /कृ०, पटना, दिनांक– 06-10- 2025

## कार्यालय आदेश

विभागीय संकल्प ज्ञापांक संख्या–585 दिनांक–14.08.2025 के माध्यम में डिजिटल कृषि निदेशालय के गठन को अधिसूचित किया गया है। कृषि विभाग के डिजिटल कृषि निदेशालय के माध्यम से कृषि विभाग के सभी निदेशालयों/संभागों द्वारा उपयोग किये जा रहे सूचना प्रावैधिकी के कार्यों को नवसृजित डिजिटल कृषि निदेशालय के माध्यम से किया जायेगा। मुख्य रूप से डी0बी0टी0 कोषांग द्वारा किये जा रहे सभी कार्य, भारत सरकार के एग्री स्टैक परियोजना अंतर्गत डिजिटल क्रॉप सर्वे तथा फार्मर रजिस्ट्री, कृषि मैपर आदि, उद्यान, भूमि संरक्षण निदेशालय के अधीन योजनाओं के क्रियान्वयन में उपयोग किये जा रहे एम0आई0एस0, बिहार राज्य बीज निगम के द्वारा ऑनलाईन बीज वितरण से संबंधित कार्य, यांत्रिकरण योजना का OFMAS, गेट्स फाउण्डेशन के माध्यम से बिहान एवं बिहार कृषि ऐप, कृषि सूचना संभाग के किसान कॉल सेन्टर तथा बिहार कृषि रेडियो, संयुक्त निदेशक (रसायन) मि0जां0प्रयो0 के अधीन मृदा स्वास्थ्य कार्ड से संबंधित सॉफ्टवेयर, पौधा संरक्षण संभाग में ड्रोन के उपयोग, कृषि सांख्यिकी के माध्यम से फसलों से संबंधित आंकड़ों का डिजिटलीकरण से संबंधित कार्यों का अनुश्रवण तथा पर्यवेक्षण डिजिटल कृषि निदेशालय के माध्यम से किया जायेगा। साथ ही विभाग में सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर तथा सूचना प्रावैधिकी से संबंधित तकनीकी मानव बल एवं डाटा इंट्री ऑपरेटर आदि के मानदेय से संबंधित कार्य का निष्पादन किया जायेगा। इसके अलावे समय–समय पर विभाग के अधीन निगम/कृषि विश्वविद्यालय/महाविद्यालय/कृषि विज्ञान केन्द्रों में सूचना प्रावैधिकी से संबंधित आधारभूत संरचना विकास तथा एम0आई0एस0 से संबंधित कार्य भी इस निदेशालय के माध्यम से क्रियान्वित किये जायेंगे।

चूँकि डिजिटल कृषि निदेशालय कृषि विभाग के सभी संभागों/निदेशालयों/निकायों के सूचना प्रावैधिकी से संबंधित कार्यों निष्पादन एवं योजनाओं का अनुश्रवण किया जायेगा। अतः इस डिजिटल कृषि निदेशालय के अधीन निम्नांकित विषयों/योजनाओं को हस्तान्तरित किया जाता है।

(क) **डिजिटल कृषि प्रभाग**

1. कृषि निदेशालय
   - प्रधानमंत्री कृषि सम्मान निधि योजना।
   - डी0बी0टी0 पोर्टल एवं इससे संबंधित राज्य सरकार की योजनाओं जिसमें अनुदान की व्यवस्था है।
   - किसानों का निबंधन/पंजीकरण।
   - किसानों को अनुदानित/प्रत्यक्षण के माध्यम से बीज एवं उपादान का ऑन–लाईन वितरण।
   - बीज, उर्वरक, कीटनाशी की अनुज्ञप्ति की ऑन लाईन व्यवस्था।
   - केन्द्र प्रायोजित/राज्य योजना से संचालित कृषि यात्रिकरण योजना।

(72)

- एग्री स्ट्रेक योजनान्तर्गत फॉर्मर रजिस्ट्री तथा डीजिटल क्रॉप सर्वे।
- मृदा जांच पोर्टल से संबंधित कार्य।
- बिहान एवं बिहार कृषि ऍप।
- पौधा संरक्षण संभाग ड्रोन से संबंधित योजनाएँ

2. उद्यान निदेशालय/बिहार राज्य बागवानी मिशन की केन्द्र प्रायोजित तथा राज्य योजनाएँ जिसमें डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से किसानों को अनुदान उपलब्ध कराया जाता है।
3. भूमि संरक्षण निदेशालय/बिहार राज्य वॉडर शेड डेवलपमेंट सोसाईटी की केन्द्र प्रायोजित तथा राज्य योजनाएँ जिसमें डीजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से किसानों को अनुदान उपलब्ध कराया जाता है।
4. बिहार राज्य बीज निगम/बिहार राज्य बीज एवं जैविक प्रमाणन एजेंसी/बामेती जिसमें डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से किसानों को उपलब्ध करायी जा रही सुविधा।

(ख) कृषि अनुश्रवण प्रभाग

| संभाग/ निदेशालय का नाम | आवंटित कार्य |
|---|---|
| उद्यान निदेशालय | 1. राष्ट्रीय बागवानी मिशन/ मुख्यमंत्री बागवानी मिशन।<br>2. Dry Land Horticulture/ PMKSY<br>3. Agri. Campus Green Development.<br>4. Expenditure under various schemes.<br>5. Horticulture area Mapping<br>6. Inspection of Horticulture scheme through V.C.<br>7. Bamboo Mission/ Agro Forestry एवं अन्य। |
| कृषि विपणन निदेशालय | 1. बाजार प्रांगण एवं बाजार समिति<br>2. ई–नाम/एफ0पी0ओ0/ISAM/ रूरल हाट योजना/अपनी मंडी/ अधिप्राप्ति/पी0एम0 आशा योजना /APEDA/CACP/जी0आई टैग/ AIF योजना<br>3. मूल्य संवर्धन<br>4. PPPAVCD/ Cold Storage/Godown एवं संबंधित सभी कार्य। |
| भूमि संरक्षण निदेशालय/कृषि यांत्रिकरण | 1. भूमि संरक्षण निदेशालय का राज्य योजना/BWDS /सात निश्चय पार्ट–2/National Mission for Sustainable work- RAD एवं अन्य।<br>2. कृषि यांत्रिकरण योजना/ एम0आई0एस0 एवं अन्य। |
| कृषि निदेशालय से संबंधित केन्द्र/राज्य प्रायोजित योजना | 1. राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (RKVY)<br>2. कृषोन्नति योजना (KY) एवं<br>3. राज्य/केन्द्र प्रायोजित योजनाओं का मूल्यांकन एवं अनुश्रवण। |
| प्रक्षेत्र/बीज/ उपादान एवं प्रवर्तन | 1. फार्म में Boundary Wall की योजना।<br>फार्म प्रबंधन से संबंधित डाटा विश्लेषण/कृषि फार्म बीज प्रबंधन का कार्य/कृषि फॉर्म उत्पादकता/सीड हब/क्रॉप कटिंग रिपोर्ट/फसल सघनता विश्लेषण<br>2. बीज वितरण एवं अन्य<br>3. उर्वरक एवं उपादान/प्रवर्तन |
| प्रसार/ विश्वविद्यालय/ शिक्षा/ CRA/ पी0एम0 किसान/ DCS/फार्मर रजिस्ट्री | 1. Inspection of Colleges/ Institution through V.C<br>2. निर्माण संबंधित कार्य।<br>3. CRA से संबंधित कार्यों का मूल्यांकन एवं अनुश्रवण।<br>4. किसान सम्मान निधि योजना<br>5. कृषि कर्मण पुरस्कार एवं अन्य किसान उपहार की योजना |

| | |
|---|---|
| | 6. विश्वविद्यालय/शिक्षा/DCS फार्मर रजिस्ट्री एवं बामेती से संबंधित समस्त कार्यों का मूल्यांकन एवं अनुश्रवण। |
| कंपोस्ट एवं बायोगैस/बीज विश्लेषण/ बीज निरीक्षण | 1. बसोका/कंपोस्ट एवं बायोगैस से संबंधित समस्त कार्यों का मूल्यांकन एवं अनुश्रवण।<br>2. बीज विश्लेषण/बीज निरीक्षण एवं प्रयोगशाला से संबंधित समस्त कार्यों का मूल्यांकन एवं अनुश्रवण। |
| रसायन/पौधा संरक्षण/सूचना | 1. आई0टी0 से संबंधित समस्त कार्यों का मूल्यांकन एवं अनुश्रवण/डी0बी0टी0/कृषि रेडियो/किसान कॉल सेंटर/बिहार कृषि ऐप/विहान एप/पी0ओ0पी0<br>2. कृषि ड्रोन से फसलों पर कीटनाशी एवं तरल उर्वरक का छिड़काव योजना/लाईट ट्रैप के क्रय पर अनुदान योजना (राज्य योजना)<br>3. मिट्टी जांच प्रयोगशाला/मृदा स्वास्थ्य कार्ड/ई–किसान भवन<br>4. सूचना/पौधा संरक्षण/रसायन से संबंधित समस्त कार्यों का मूल्यांकन एवं अनुश्रवण। |
| बिहार राज्य बीज निगम/बामेती/ बसोका | 1. बिहार राज्य बीज निगम के माध्यम से ऑनलाईन बीज वितरण एवं अनुश्रवण।<br>2. बसोका से संबंधित समस्त कार्यों का मूल्यांकन एवं अनुश्रवण।<br>3. बामेती के माध्यम से आत्मा द्वारा आयोजित सभी प्रकार के प्रशिक्षण/परिभ्रमण/प्रत्यक्षण के ऑनलाईन मूल्यांकन एवं अनुश्रवण। |

(ग) <u>डिजिटल निगरानी कार्य</u>

1. कंट्रोल एण्ड कमांड सेन्टर एवं कृषि आधारित MIS को विकसित एवं सुदृढ़ीकरण।
2. कृषि संबंधित लोक शिकायत की डिजिटल निगरानी (Public Grievance Portal सहित) का कार्य।
3. विकास ऍप के माध्यम से उपस्थिति की निगरानी।
4. डिजिटल एवं सूचना प्रौवैद्यिकी के सभी पी0एम0यू0/परामर्शी/प्रोग्रामर डेवलपर का कार्य।
5. सभी प्रकार के सूचना प्रावैधिकी संबंधित कार्य एवं राज्य/केन्द्र की डिजीटल संदर्भित सभी योजनाओं का क्रियान्वयन एवं समन्वय।
6. सभी प्रकार के लोक शिकायत (किसान कॉल सेंटर को छोड़कर) CPGRAM/CM Compliance Dashboard इत्यादि

डिजिटल कृषि निदेशालय द्वारा विभिन्न निदेशालयों/संभागों/एजेंसी को सभी सूचना प्रौवेद्यिकी/ऑन लाईन जिसमें किसानों को डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाता है में सहयोग करेगा।

(II).योजनाओं के अनुश्रवण एवं डिजिटल प्लेटफार्म से संबंधित आंकड़ों का विश्लेषण कर सभी निदेशालय को उपलब्ध कराया जायेगा। जिस पर अग्रेतर अनुपालन/कृत कार्रवाई प्रतिवेदन तैयार कर निराकरण के उपरान्त डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपलोड किया जायेगा।

इसके साथ ही साथ अनुश्रवण के क्रम में कमियों/प्रगति को बढ़ाने से संबंधित पदाधिकारियों पर कार्रवाई की अनुशंसा संबंधित निदेशक को अग्रेत्तर कार्रवाई हेतु भेजी जायेगी।

डिजिटल निदेशालय को प्रभावी रूप से संचालन हेतु अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव की अध्यक्षता में एक समन्वय समिति कार्य करेगी जिसमें सभी निदेशक/प्रबंध निदेशक/संस्थान प्रमुख

Scanned with OKEN Scanner

(70)

सदस्य होगें। निदेशक, डिजिटल कृषि निदेशालय, सदस्य सचिव के रूप में कार्य करेंगे तथा समय–समय पर यह समिति की बैठक आयोजित की जायेगी।

डिजिटल कृषि निदेशालय के कार्यों के हस्तांतरण के प्रस्ताव पर माननीय उप मुख्य (कृषि) मंत्री का अनुमोदन प्राप्त है।

6/10/25

(मनोज कुमार)
संयुक्त सचिव
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक– 707 कृ0, पटना, दिनांक 06-10 2025

प्रतिलिपिः– विशेष सचिव/कृषि निदेशक/निदेशक, उद्यान/निदेशक, बावास/निदेशक, कृषि विपणन निदेशालय/प्रशासक, बिहार कृषि विपणन पर्षद (वि0)/सभी अपर सचिव/सभी संयुक्त सचिव/सभी उप सचिव/उप निदेशक (प्रशासन/निदेशक, भूमि संरक्षण/निदेशक, पी0पी0एम0/निदेशक, बामेति/सभी अवर सचिव/सभी प्रशाखा पदाधिकारी/निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी (सचिवालय संभाग)/ निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी (निदेशालय संभाग)/सभी संबंधित पदाधिकारी, कृषि विभाग/माननीय मंत्री, कृषि के आप्त सचिव/प्रधान सचिव, कृषि के आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

6/10/25

संयुक्त सचिव
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक– 707 कृ0, पटना, दिनांक 06-10 2025

प्रतिलिपिः– उप निदेशक (शष्य), सूचना एवं जनसम्पर्क/आई0टी0 मैनेजर, कृषि विभाग, बिहार, पटना को विभगीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं सभी संबंधित को ई–मेल करने हेतु अनुपालनार्थ प्रेषित।

6/10/25

संयुक्त सचिव
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

Scanned with OKEN Scanner